RAB-16070501063300 Seat No. ______

B. R. S. (Sem. VI) (CBCS) (W.E.F. 2016) Examination

March - 2019

Hindi : Core - 21

(हिन्दी गद्य विधा – रेखाचित्र) (New Course)

Time : $2\frac{1}{2}$ Hours] [Total Marks : **70**

सूचना : सूचनानुसार उत्तर दीजिए ।

१ 'भक्तिन' रेखाचित्र का सारांश अपने शब्दों में लिखिए । १५

अथवा

१ 'कल्पवासी ठकुरीबाबा' रेखाचित्र में ग्रामीण समाज का केवल शुभ पक्ष ही स्पष्ट हो सका है – तर्क संगत उत्तर दीजिए । १५

२ महादेवी वर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए । १५

अथवा

२ आदर्श नारी एवं कुशल गृहिणी के रूप में मुन्नू की माई का चरित्र चित्रण कीजिए । १५

३ निम्नांकित में से किन्हीं **तीन** ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : १५

(१) ''मनुष्य ने मनुष्य के प्रति अपने दुर्व्यवहार को इतना स्वाभाविक बना लिया है कि उसका अभाव विस्मय उत्पन्न करता है और उपस्थिति साधारण लगती है ।''

(२) ''वह जन्म का दुखिया मातृ–पितृहीन और बहिन से बिछुड़ा हुआ चीनी भाई अपने समस्त स्नेह का एक मात्र आधार चीन में पहुँचने का आत्मतोष पा गया है, इसका कोई प्रमाण नहीं, पर मेरा मन यही कहता है ।''

(३) ‘‘पर वह मूर्ख है या विद्या–बुद्धि का महत्व नहीं जानती, यह कहना असत्य कहना है । अपने विद्या के अभाव की वह मेरी पढ़ाई लिखाई पर अभिमान करके भर लेती है ।’’

(४) ‘‘अरे अभागे ! तुम्हारा गाँव जरायमपेशा है, तुम्हारे बाप–दादा ने अपना जीवन नष्ट कर के इसके लिए यह ख्याति कमाई है । तुम जुआ खेलो, चोरी सीखो पर भले आदमियों के अंधकार में हस्तक्षेप करने का दुस्साहस न करो ।’’

(५) ‘‘चरित्रहीन व्यक्ति दूसरों पर जितना सन्देह करता है, उतना सचरित्र नहीं । झनकू भी इसका अपवाद नहीं था । अब तक जिस पत्नी के लिए उसने रत्ती भर चिन्ता का कष्ट नहीं उठाया, उसी की पहरेदारी का पहाड़–सा भार वह सुख से ढोने लगा ।’’

४ ग्रामीणों को पत्र लिखना एक समस्या मूलक स्थिति उत्पन्न कर देता है – गुंगिया रेखाचित्र के आधार पर इस कथन की विवेचना कीजिए । १५

अथवा

४ धनसिंह की चारित्र्यिक विशेषता स्पष्ट कीजिए । १५

५ चीनी फेरीवाला स्वभाव से इमानदार और देशभक्त है – युक्ति युक्त उत्तर दीजिए । १०

अथवा

५ ‘बिबिया’ रेखाचित्र का कथानक लिखिए । १०